Irish Trade Delegation

1406. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Irish trade delegation has expressed their keenness to have some joint ventures in their countries;

(b) whether they have invited Indian investment for the purpose;

(c) if so, the reaction of Government thereto; and

(d) the response made thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) to (d). The Irish trade delegation had interaction with the Government as well as with businessmen. In the wake of liberalisation of Indian economy, both Irish and Indian sides considered cooperation in various sectors through trade, joint ventures and bilateral investments.

गुजरात में बाल श्रम को समाप्त कराने में लगे स्वयंसेवी संगठन

1407. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में बाल श्रम को समाप्त करने में लगे स्वयंसेवी संगठनों को गत तीन वर्षों के दौरान कितनी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है;

(ख) क्या इन स्वयंसेवी संगठनों ने अपना विधिवत् लेखापरीक्षित तुलन-पत्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और उस पर क्या कदम उठाए गये हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

श्रम मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी): (क) वर्ष 1993-94 के दौरान गुजरात में होटलों, रेस्तराओं आदि में कार्यरत 150 बच्चों के लिए सर्वेक्षण और कल्याण परियोजना चलाने हेतु एक स्वैच्छिक संगठन को 47,000/- रु० की राशि स्वीकृत की गई थी।

(ख) से (ङ) इस संगठन ने तुलन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। तथापि, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा लेखा परीक्षा किए गए लेखा का विवरण सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

मसालों, चीनी और कृषि-उत्पादों पर लगाए उप-कर में छूट

1408. **श्री सोमपाल:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मसालों, चीनी और कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए उप-कर में छूट देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस समय किन-किन वस्तुओं पर ऐसा उप-कर लगाया गया है और किन-किन वस्तुओं पर इसमें छूट देने का विचार है; और

(ग) ऐसी छूट दिये जाने का तर्काधार और औचित्य क्या है?

वाणिज्य मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) मसालों, चीनी और कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले उप-करों में छूट एक सतत् प्रक्रिया है, जो निर्यात बाजार की दशाओं से जुड़ी हुई है।

(ख) केसर, इलायची, काली मिर्च (इनब्राइन हरी मिर्च को छोड़कर) और मसाला तेल तथा ओलिओरेजिन को छोड़कर कृषिजन्य उत्पाद उप-कर अधिनियम 1940, उत्पाद उप-कर अधिनियम, 1966 मसाला उपकर अधिनियम, 1986 तम्बाकू उपकर अधिनियम, 1975 और एपीडा उपकर अधिनियम 1985 के अंतर्गत आने वाले सभी कृषिजन्य उत्पाद पर उपकर लगेगा।

चीनी पर उत्पाद शुल्क लगाया जाता है और भारत में किसी भी चीनी फैक्ट्री द्वारा उत्पादित समस्त चीनी पर चीनी अधिनियम, 1982 के तहत उत्पाद शुल्क उपकर के रूप में लगाया और वसूला जाता है।

(ग) उपकर सहित निर्यातित सामान पर कर भार की समीक्षा करना एक सतत् प्रक्रिया है। जब कभी भी आवश्यक समझा जाता है विशिष्ट मदों पर छूट दी जाती है। लगने वाले उपकर में छूट देने से हमारा कृषिजन्य निर्यात विदेशी बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाता है।

Requirement and Production of Edible Oil

1409. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) the requirement of edible oil in the country as on date; and

(b) the production of edible oil in the country as on date; and

(c) the total imports of edible oil made